प्रादेशिक समाचार

24.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. रांची, सिमडेगा, लातेहार समेत राज्य के कई जिलों में हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त, नदियां उफान पर, डैमों के फाटक खोले गये, मोहल्लों में जलजमाव से परेशानी।

2. रांची जिला प्रशासन ने हुंडरू, जोन्हा समेत अन्य जलप्रपातों पर पर्यटकों के लिए जारी की सुरक्षा चेतावनी, लोगों से इन इलाकों में नहीं जाने की अपील।

3. पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन रिम्स–टू की जमीन पर हल चलाने की घोषणा के बाद हुए हाउस अरेस्ट, कांके रोड में बैरकेडिंग, आवागमन ठप।

4. राज्य के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में लैटरल एंट्री से नामांकन के लिए आज जारी होगी रिक्त सीटों की संख्या, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग भी शुरू।

5. भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ने कहा, झारखंड में करायेंगे अंतरराष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता, रांची को मिला बेस्ट जिला कुश्ती संघ का पुरस्कार।

*******************

रांची, सिमडेगा, लातेहार समेत राज्य के कई जिलों में दो दिन से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। भारी बारिश के कारण अलग अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई है। नदियां उफान पर हैं और डैमों के फाटक खोल दिये गये हैं। लगातार हो रही बारिश से पतरातू डैम का जलस्तर भी बढ़ गया है और सभी छह फाटक खोल दिये गये हैं। रांची के कई मोहल्लों में जलजमाव की स्थिति है। नामकुम से चुटिया जानेवाले रास्ते में स्वर्णरेखा नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है।

सिमडेगा जिले में पिछले तीन दिनों से रुक– रुककर हो रही बारिश के कारण शंख और पालामाड़ा जैसी नदियां उफान पर हैं।

लातेहार जिले में औरंगा समेत अन्य नदियां उफान पर हैं।

रामगढ़ जिले में लगातार बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया है।

*******************

रांची जिला प्रशासन ने रांची और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जोन्हा, हुंडरू, दशम फॉल, सीता फॉल, रिमिक्स फॉल और अन्य जलप्रपातों पर पर्यटकों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है। इन इलाकों में लोगों से नहीं जाने की अपील की गई है। प्रशासन ने कहा है कि वर्तमान में जलप्रपातों के आसपास का क्षेत्र अत्यंत जोखिम भरा है। तेज जलधारा, फिसलन भरी चट्टानें और अचानक जलस्तर बढ़ने की संभावना से पर्यटकों के लिए गंभीर खतरा है।

*******************

इधर मौसम विभाग ने भी लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वाहन नहीं चलाने और अचानक बाढ़ आने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने तथा नदियों–नालों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चम्पाई सोरेन को आज मोराबादी स्थित आवास में हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। उन्होंने राजधानी रांची के कांके स्थित नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स–2 की जमीन पर हल जोतो रोपा रोपो कार्यक्रम के तहत आज हल चलाने की घोषणा की थी। श्री सोरेन ने कहा कि डीएसपी ने घर से निकलने की इजाजत नहीं दी।

इधर जिला प्रशासन ने नगड़ी इलाके में निषेधाज्ञा लगा दी है। इलाके में बैरकेडिंग कर जवानों की तैनाती कर दी गई है। वहीं वाहनों के आवागमन पर भी रोक लगा दी गई है।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 93 हजार चार सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 22 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद– आज राज्य के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में लैटरल एडमिशन के लिए रिक्त सीटों की संख्या जारी करेगा। इसे लेकर स्पेशल राउंड काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आज से 26 अगस्त तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग होगा। वहीं ऑनलाइन आवेदन में संशोधन 27 अगस्त को किया जा सकता है। सीट अलॉटमेंट लेटर 29 अगस्त से छह सितंबर तक जारी होगा और 30 अगस्त से छह सितंबर तक प्रमाण पत्रों की जांच और नामांकन होगा।

*******************

हजारीबाग के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण पूरा करने वाले गृह रक्षकों के लिए पारण परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सभी 218 होमगार्ड के जवानों को देश सेवा की शपथ दिलाई।

*******************

सरायकेला जिले में आयुष्मान आरोग्य केंद्र के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को आयुष चिकित्सा का लाभ मिल रहा है।

*******************

हजारीबाग जिले के चरही स्थित सीसीएल की तापीन नॉर्थ परियोजना में उग्रवादियों ने पोकलेन, हाइवा समेत छह गाड़ियों में आग लगा दी। चरही थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

*******************

नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग से प्राप्त पुरस्कार राशि से सहिबगंज जिले में कई विकास कार्य किए जा रहे हैं।

*******************

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा  है कि झारखंड में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा। श्रीकुमार  रांची के मोरहाबादी सिथत मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में झारखंड कुश्ती संघ की 26वीं वार्षिक आमसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान रांची जिला कुश्ती संघ को  बेस्ट जिला कुश्ती संघ का पुरस्कार दिया गया।

*******समाप्त*************